**खबर संक्षेप**

## नशे से दूरी है जरूरी

**परासिया :** थाना परासिया पुलिस द्वारा स्कूल एवं कॉलेज के छात्र - छात्राओं , आम नागरिकों को नशा करने से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत किया गया । साथ ही नशा न करने की समझाइश दी गई ।पुलिस मुख्यालय ने नशे से दूरी है जरूरी जागरुकता अभियान दिनांक 15.07.2025 से प्रारंभ किया है । इस अभियान के तहत थाना परासिया पुलिस द्वारा अभियान शुरू होने से लेकर आज दिनांक तक पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह के टीचर स्टाफ एवं छात्र - छात्राओं , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरसाडोह के टीचर स्टाफ एवं छात्र - छात्राओं एवं ग्रामीण क्षेत्र के आम नागरिकों को नशा करने से होने वाले दुष्परिणामों से जागरूक किया गया एवं सभी को नशा न करने की समझाइश दी गई । पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह के छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्परिणामों की वीडियो क्लिप दिखाइ गई ।

**सहायता राशि के रूप में मिले पांच हजार, वन्यप्राणी के साक्ष्य मिलने के बाद पीड़ित परिवार को मिलेंगे आठ लाख रूपए**

# जंगली जानवर के हमले से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बीते बुधवार को शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत वन परिक्षेत्र की भोकई के बीट में एक महिला की जंगली जानवर के हमले से मौत हो गई ।जिसकी सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी परासिया तुरंत ही अपने अधीनस्थ वन अमले को साथ लेकर घटना स्थल भोकई पहुंची । भोकई बीट के कक्ष क्रमांक RF 734 में घटित हुई घटना मौक़े पर प्रभारी उप वनममंडल अधिकारी और पुलिस थाना शिवपुरी के पुलिस बल व ग्रामीणों की उपस्थिति में घटना स्थल पर देखा की एक महिला का शव पेट के बल पड़ा हुआ था । जिसके सिर के ऊपर एवं चेहरे गाल जबड़ा पर गहरे घाव के निशान पाए गए । ग्रामीणों से पूछताछ करने पर मृतक महिला का नाम चंपी बाई पति रामायण ढाकरिया उम्र 45 वर्ष निवासी उरधन बताया गया । मृतक के पति रामायण द्वारा बताया गया , कि वह अपने खेत गई हुई थी । शाम को घर नहीं पहुंचने पर पता



साजी करने पर उसका शव यहां पर मिला । जिसकी सूचना गांव में दी गई थी । ग्रामीणों के समक्ष पुलिस प्रशासन व वन विभाग के द्वारा मौका पंचनामा बनाकर ग्रामीणों के समक्ष महिला का शव पुलिस अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रात्रि 12.45 बजे परिवार जनों की उपस्थिति में परासिया रवाना किया गया । वन विभाग की टीम द्वारा घटना स्थल पर वन्यप्राणी के साक्ष्य की पतासाजी की जा रही है । साक्ष्यों एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी । वनविभाग द्वारा तात्कालिक सहायता राशि 5000/- दी गई । वन्य प्राणी के साक्ष्य मिलने के बाद विभाग द्वारा पीड़ति परिवार को 8 लाख रुपए दिए जाएंगे ।

### बिसरा रखा गया सुरक्षित

परासिया वन परिक्षेत्र अधिकारी अलका भूरिया ने बताया , कि किस जंगली जानवर ने हमला किया है इसके प्रमाण अभी नहीं मिले हैं । घटना स्थल के आसपास भी फुटप्रिंट नहीं मिले हैं । मृतिका का बिसरा सुरक्षित रखा गया गया है । डीएनए जांच भी कराई जाएगी , ताकि हमला करने वाले जानवर की पहचान हो सके।

**नेहरिया शाखा के सभी पदाधिकारी रहे मौजूद**

# नेहरिया प्रबंधन के अड़ियल रवैए के खिलाफ भूख हड़ताल शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

गुरुवार 17 जुलाई को कोयला श्रमिक सभा पेंच क्षेत्र द्वारा जेबीसीसीआई सदस्य शिवकुमार यादव के मार्गदर्शन एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी के नेतृत्व में क्रमिक भूख हड़ताल का आव्हान किया गया । जिसके अंतर्गत आज क्रमिक भूख हड़ताल के प्रथम दिवस क्षेत्रीय पदाधिकारी अब्दुल आरिज एवं दीनानाथ यादव द्वारा नेहरिया शाखा के जाबांज पदाधिकारी सुनील तिवारी उपाध्यक्ष , विकास पवार सह सचिव को तिलक लगा कर एवं फूलमाला पहना कर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठाया गया । शाखा पदाधिकारियों एवं सदस्य मजदूर साथियों द्वारा दोनों पदाधिकारियों का उत्साह वर्धन करते हुए मजदूर एकता के जोर दार नारे लगाए गए । कार्यक्रम में एच एम एस नेहरिया शाखा अध्यक्ष भालेराव , सचिव बुद्धिसागर , कोषाध्यक्ष अख्तर अंसारी , विष्णुपुरी से क्षेत्रीय पदाधिकारी शकील खान , सलमान सिद्दीकी , रमेश बुनकर , जमालुद्दीन , पवन , जावेद , माथनी खदान से शाहिद खान , जयराम एवं धनकश खदान से गीतेश रघुवंशी , जुगल किशोर एवं नेहरिया शाखा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य कामगारों साथी उपस्थित रहे ।

शिवकुमार यादव द्वारा मजदूर हितों में किए जा रहे कल्याणकारी एवं ऐतिहासिक निर्णयों के बारे में मजदूर साथियों को विस्तृत्व जानकारी प्रदान की एवं प्रबंधन को अपने अड़ियल रवैए को छोड़ने और मजदूर की मांगो को जल्द पूरा न करने पर उग्र विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी गई ।

## सर्पदंश से हुई मासूम बालिका की मौत

**दमुआ।** कुटुम्बदेव दमुआ निवासी राकेश सूर्यवंशी की 06 वर्ष की बेटी धोनी जो कि सी.एम.राईज स्कूल दमुआ की छात्रा थी दिनांक 15-07-2025 की रात्रि में रोज की तरह वह अपने पिता के पास रात्री में सोई हुई थी रात्रि करीब 12 बजे के आसपास किसी जहरीले सर्प के बालिका के हाथ में काटने से घबरा गई तथा उल्टी करने लगी कि उसके पिता के बिस्तर मे देखने पर पता चला कि कोडिया सर्प ने बच्ची को काटा है सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दमुआ मे उपचार हेतु लाया गया जहां इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड दिया जिसकी सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर शव को पोस्ट मार्डम कर शव परिजनो का सौप दिया।

# खाद्य विभाग ने होटलों और प्रतिष्ठानों से जब्त किए 9 घरेलू गैस सिलेण्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिलें का जिला आपूर्ति विभाग कभी कभी नींद से जग जाता है, जैसे ही नींद से जगाता है तो उसे अपने टारगेट पूरे करने के लिए दिखावा के लिए दो चार होटल की जांच करके फिर नींद में चला जाता है,क्योंकि आज पूरे जिला मुख्यालय से लेकर गांव गांव की दुकाने में घरेलू गैस सिलेंडर का



उपयोग होटल,से लेकर पानीपुरी वाले भी कर रहे हैं लेकिन विभाग कभी इनकी जाँच नहीं करता है, सूत्रों की जानकारी के अनुसार जिला आपूर्ति विभाग जाँच के नाम पर खानापूर्ति करता है ऐसा ही आज जिला आपूर्ति विभाग के जाँच दल द्वारा आज अमरवाड़ा में होटल/प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग के संबंध में जांच की गई।

### अमरवाड़ा में 4 प्रतिष्ठानों के विरूध्द खाद्य विभाग ने की कार्यवाही

कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती गंगा कुमरे के निर्देशन में सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री गीतराज गेडाम, ने एक जाँच दल के द्वारा नगरीय क्षेत्र अमरवाड़ा के स्थित होटल/प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डरों के द्रुरूपयोग के संबंध में जांच की गई की गई। संयुक्त जांच दल द्वारा जांच में अमरवाड़ा स्थित होटल/प्रतिष्ठानों में मेसर्स जैन स्वीट्स के संचालक श्री शुभम पिता श्री नरेश जैन के 02 घरेलू गैस सिलेण्डर, मेसर्स जय भूरा भगत के संचालक श्री अखिल पिता श्री महेन्द्र चौरसिया के 04 घरेलू गैस सिलेण्डर, मेसर्स अम्बर स्वीट्स के संचालक श्री शेख शाबिर पिता श्री शेख मोहम्मद के 02 घरेलू गैस सिलेण्डर और मेसर्स मनोहर चाय के संचालक श्री हर्षित पिता श्री देवकरण साहू के 01 घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये गये। घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से संग्रहण एवं द्रुरूपयोग पाये जाने के कारण विकासखंड अमरवाड़ा के 04 प्रतिष्ठानों के विरूध्द कुल 09 घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई व गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ विक्रय के संबंध में निर्देशित किया गया । लेकिन दो-चार दिन बाद फिर इन्हीं द्रुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग चालू हो जाएगा..?

## आईटीआई कैम्पस में किया पौधारोपण

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम अमले द्वारा दिनांक 17/07/2025 को वार्ड नंबर 02 में शासकीय आई टी आई कैंपस में 100 पौधों का पौधारोपण किया गया। जिसमें सहायक यंत्री श्री ब्रजेश पांडे एवं सिटी मिशन मैनेजर श्री उमेश पयासी, डॉक्टर सेवंती पटेल एवं उद्यान प्रभारी शिवप्रसाद पंद्राम उद्यान विभाग के डीसी डेहरिया पंकज मंडलोई एवं अन्य कर्मचारी तथा आईटीआई के छात्र उपस्थित रहे।



# ई अटेंडेंस के विरोध में अतिथि शिक्षकों ने दिया ब्लॉक स्तरीय ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्य प्रदेश भोपाल के प्रदेश स्तरीय आह्वान पर आज संपूर्ण प्रदेश के विभिन्न ब्लाकों में अतिथि शिक्षक संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगों सहित वर्तमान में हमारे शिक्षक एप के माध्यम से ई अटेंडेंस के विरोध में अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे को ज्ञापन सौंपा। अतिथि शिक्षकों ने अपनी मांगों का पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और शिक्षा मंत्री उदय राव प्रताप शाह के



नाम एक ज्ञापन सौंप मांगो का निराकरण करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से अतिथि शिक्षको ने ई अटेंडेंस लगाने के लिए हो रही असुविधा और खामियों को गिनाया और कई प्रकार की परेशानिया बतलाई अमरवाड़ा ब्लॉक प्रभारी एवं जिला मीडिया प्रभारी योगेश चौरसिया ने बताया कि वर्तमान सत्र 2025 में लोकशिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा अतिथि शिक्षकों को दिनांक 18 जुलाई से हमारे शिक्षक एप के माध्यम से ऑनलाइन ई अटेंडेंस लगाने का आदेश जारी हुआ है। जिसको शिक्षा विभाग द्वारा अनिवार्य किया गया है जो कही न कही अतिथि शिक्षकों पर मानसिक और आर्थिक रूप से दवाब है वहीं बहुत से ग्रामीण इलाकों में काम करने वाले अतिथि शिक्षकों के पास एंड्रॉयड मोबाईल फोन तक नहीं है।

# पुलिस ने 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत छात्र छात्राओं को किया जागरूक

**युवाओं को स्कूल/कॉलेजों में दिखाई गई नशे से जागरूकता की झलक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रदेश स्तरीय 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17 जुलाई 2025 को जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशा विरोधी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत थाना कुंडीपुरा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय भानादेही एवं शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय अतरवाडा में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा, थाना प्रभारी कुंडीपुरा महेंद्र भगत , उप निरीक्षक आशीष वरकड़े के द्वारा मातृ सेवा संघ जिला जिला नशा मुक्ति शाह पुनर्वास केंद्र के कर्मचारियों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को एनसीबी द्वारा जारी शॉर्ट फिल्म रील एवं पीपीटी दिखाई जाकर नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया एवं नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई, उपस्थित आम जनों को ई शपथ लिंक के माध्यम से शपथ दिलाई जाकर शपथ पत्र डाउनलोड कराए गए, इसी प्रकार जिले के समस्त थाना अंतर्गत स्कूल कॉलेज में अलग-अलग थानों की टीम के द्वारा छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाकर जागरूक किया गया।

जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी स्कूल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों, समाज पर पड़ने वाले प्रभावों तथा युवाओं के भविष्य के प्रति संभावित खतरों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार नहीं मिल रहा वेतनमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

पश्चिम वन मण्डल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र दमुआ समान्य के तहत दैनिक वेतन भोगी के रूप में वर्षो से कार्यरत लालसिंग नर्रे, रंगीलाल नर्रे, सन्टीसिंग गांधी, मोहन मर्सकोले, सोनू उइके आदि अन्य दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वन विभाग में विभिन्न क्षेत्र में गोदाम, रेस्ट हाउस, बंगले नर्सरी, चौकीदारी, जब्ती की कार्यवाही, अधिकारी के वाहनो के ड्रायवरी क्षेत्र में लम्बे समय से कार्य करते आ रहे है परन्तु उन्हे शासन की सुविधाओं की लाभ समुचित रूप से नही मिल पा रहा है जैसे वेतनमान, बोनस, एरियस, छुट्टी , मेडिकल जैसे अन्य सुविधाऐं प्राप्त नही हो पर रही है कम वेतन में उन्हे संतोष होना पड रहा है जबकि वर्षो बीत गये काम कर रहे कर्मचारियों को बढता हुआ वेतनमान मिलना चाहिए ताकि परिवार का गुजर बशर सही तरीके से हो सके वैसे भी शासन प्रशासन एवं जिला कलेक्टर महोदय द्वारा दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य कर रहे मजदूरो का वेतनमान कही कही बढाकर दिया जा रहा है परन्तु अक्सर देखा जा रहा है कि वन परिक्षेत्र दमुआ मे कार्यरत दैनिक वेतन भोगी मजदूरो को बढते हुए वेतन के नाम पर कुछ नही दिया जा रहा है अतः शासन प्रशासन को इस ध्यान देते हुए दैनिक वेतन भोगी मजूदरो को शासन के नियमानुसार वेतनमान प्रदान कराना चाहिए।

**सूर्योदय धाम में विराजमान हुए मनोहारी जिनबिंब**

**छिंदवाड़ा।** आगामी समय में छिंदवाड़ा नगर के लिए गौरव का विषय बनने जा रहे दिगंबर जैन सूर्योदय धाम स्वर्ण पाषाण जिनालय जिसका शिलान्यास संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में 14 जून 2022 को सम्पन्न हुआ।उक्त जिनालय पीले पाषाण से राजस्थान के कुशल कारीगरों द्वारा निर्माणधीन है जिसमें 5 गर्भगृह पंच बालयति एवं चौबीसी भगवान की प्रतिमाएं विराजमान होना है।

## शासकीय महाविद्यालय दमुआ में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में आज स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं कैरियर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा ₹UG/PG विद्यार्थियों के लिए करियर के अवसर₹, ₹स्थानीय उद्योगों एवं स्वरोजगार की संभावनाएं₹, ₹रोजगार पर केंद्रित कौशल विकास₹, तथा ₹प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी₹ जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए गए।इंटरएक्टिव सत्र में छात्रों ने खुलकर अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा, रोजगार, इंटर्नशिप, स्वरोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना रहा।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं तथा करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के नाम अतिथि शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**परासिया :-** आज़ाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के तत्वाधान में अतिथि शिक्षकों ने मुख्य मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा । जिसमें उन्होंने उनसे ई अटेंडेंस लगवाने से पहले उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग रखी है ।अतिथि शिक्षकों का कहना है की लगभग 80% अतिथि शिक्षकों के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं है , शासन पहले अतिथि शिक्षकों के खातों में 20 से 25 हजार रूपए दे , ताकि वे मोबाइल फोन खरीद सके । हर माह फोन रिचार्ज की राशि भी उन्हें दी जाए । अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क नहीं है । ऐसे क्षेत्रों में मोबाइल टावर स्थापित कराये जाएं । उनका वेतन हर माह नियमित दिया जावे । उन्होंने चेतावनी दी है , कि उनके मांगे पूरी नहीं होने तक पांच दिनों के अंदर ई अटेंडेंस आदेश वापस नहीं लिए गए तो प्रदेश भर के अतिथि शिक्षकों भोपाल की सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने पर विवश होंगे । गुरुवार को दिए गए इस ज्ञापन के दौरान रामनारायण कहार (ब्लॉक अध्यक्ष ) , सुभाष यादव (डूंगरिया ) , अरुण विश्वकर्मा (लोहारी बांदरी ) , लोकेश डेहरिया (तीतरा ) , अकलेश साहू (तुरसी ) , ललित साहू (धमानिया) , रविकांत सूर्यवंशी (लोना पठार ) सहित अन्य अतिथि शिक्षक मौजूद थे ।

**कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, बड़ी संख्या में मौजूद रहे अधिवक्तागण**

# वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ अभद्रता, तहसीलदार पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा तहसील कार्यालय में आज एक घटना सामने आई जब तहसीलदार राजेश मरावी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार भारद्वाज के साथ अभद्र व्यवहार करने और न्यायालय कक्ष से बाहर निकालने का आरोप लगा है।

यह विवाद उस समय उत्पन्न हुआ जब अधिवक्ता अपने पक्षकार अनिल मालवीय (उपाध्यक्ष, श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट, पंजीयन क्रमांक 58/14, तिलक मार्केट, स्टेशन रोड) के साथ एक आवेदन प्रस्तुत करने तहसील



न्यायालय पहुंचे। अधिवक्ता के अनुसार, तहसीलदार ने पहले तो आवेदन लेने से इनकार किया और कहा कि "जो मुझे लिखना था वो मैंने लिख दिया, अब रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहूंगा।" अधिवक्ता द्वारा यह कहे जाने पर कि "आप आवेदन लेने से इनकार नहीं कर सकते", तहसीलदार ने ऊंची आवाज में चिल्लाते हुए उन्हें "बाहर निकलने" के लिए कहा।

इसके बाद चपरासी को बुलाकर अधिवक्ता को न्यायालय कक्ष से बाहर निकालने का प्रयास किया गया।यह पूरी घटना न्यायालय परिसर में मौजूद कई व्यक्तियों ने देखी और सुनी।

अधिवक्ता भारद्वाज ने इस व्यवहार को न केवल अपमानजनक बताया बल्कि इसे एक वरिष्ठ अधिवक्ता की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताया। अधिवक्ता के एक समूह ने तत्काल कलेक्टर छिंदवाड़ा को आवेदन प्रस्तुत कर इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच व आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। ट्रस्ट उपाध्यक्ष अनिल मालवीय ने भी तहसीलदार के व्यवहार को अनुचित और निंदनीय बताया है।

यह घटना तहसील न्यायालय की गरिमा और न्यायिक प्रक्रिया की मर्यादा पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। अधिवक्ता संघ और संबंधित विभाग इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाते हैं, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। इस संबंध में तहसीलदार राजेश मरावी से फोन किया गया पर उन्होंने काल रिसीव नहीं किया उनका पक्ष जांच के बाद सामने आ पाएगा।

## नगर पालिका ने वार्ड क्रमांक 21 के मोक्षधाम में लगाए पौधे

**परासिया :** नगर पालिका परासिया ने नगर के वार्ड क्रमांक 21 के मोक्षधाम में गुरुवार को पौधारोपण किया । अमृत हरित महाभियान के तहत नगर पालिका ने मोक्षधाम में पौधारोपण किया । इस अभियान के तहत नगर पालिका शहर में इस बारिश में पांच हजार पौधे लगाएगी ।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, सभापति नरेन्द्र विश्वकर्मा , शशि सतनामी , सीएमओ भरत गजबे , इंजिनियर राजेंद्र सोनी नगर पालिका के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे । फलदार और छायादार पौधे लगाए गए । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा , कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अमृत हरित अभियान प्रारंभ किया है । इस अभियान के तहत मोक्षधाम में हरे भरे पौधे लगाए गए । पूरे शहर में निरंतर ये अभियान जारी रहेगा । जगह जगह पौधे लगाए जाएंगे । गौरतलब है , कि नगर पालिका ने इससे पहले मोक्षधाम में जो पौधे लगाए थे वे सभी सुरक्षित है। सीएमओ भरत गजबे ने कहा , कि पांच हजार पौधे इस अभियान के तहत लगाए जाएंगे ।





## जिला पंचायत और जनपद पंचायत आखिर क्यों नहीं कर रहे भ्रष्ट सचिव पर कार्रवाई

# तामिया पंचायत सचिव फर्जीवाड़े की राशि का हिसाब मिलाने बना रहे मुसीबत की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया ग्राम पंचायत में पंचायती राज अधिनियम शायद लागू नहीं होते है ना ही जनपद पंचायत जिला पंचायत का कोई नियंत्रण इस मुख्यालय ग्राम पंचायत पर है। इसी के नतीजन यहां के सचिव मनमाने तरीके से सरकारी धन की लूट पाट मचाए हुए हैं जिसका समाचार हरिभूमि लगातार साक्ष्य के साथ प्रकाशित कर रहा है , लेकिन अधिकारियों के मिले संरक्षण के बलबूते सचिव ने शासकीय धन की किस कदर लूट मचाई है। उसके उदाहरण शायद ही कहीं मिले। सचिव ने सरपंच के मोबाइल से फर्जी ओटीपी के माध्यम से लगभग तीस लाख रूपये का आहरण किए जाने के आरोप भी सचिव पर लग रहे हैं। इसी आपा धापी में हिसाब मिलाने के चक्कर में सीमेंट रोड बनाने की मजबूरी आन पड़ी महिला बाल विकास कार्यालय परिसर के पास पंचायत द्वारा बिना किसी तकनीकी मार्गदर्शन एवं नवनियुक्त सचिव की जानकारी के बगैर सीमेंट रोड बनाई जा रही है। इस सीमेंट रोड में तकनीकी मापदंड की अनदेखी साफ देखी जा सकती है। सीमेंट रोड बनाने के लिए जो मुरम का बेस पहली बार बनाया जा रहा है वह जल भराव स्थान पर है जिसके कारण मुरम का कॉम्पेक्शन होना संभव ही नहीं है, वहीं महिला बाल विकास में आने वाली सहायिकाएं एवं सुपरवाइजर जो इस कार्यालय में आएंगी यहां पर सीमेंट रोड बनने की स्थिति में जल भराव होगा और यहां पर आने वाली महिला बाल विकास के कर्मचारियों को परेशानी पंचायत की लापरवाही और फर्जीवाड़े के कारण उठानी पड़ेगी। वहीं निवास करने वाले लोगों को भी जल भराव के कारण परेशानी के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का सामना करने पड़ेगा क्योंकि जल निकासी का कोई रास्ता नहीं है। इस कारण सीमेंट रोड के दोनों और जल जमाव होगा आनन फानन में हो रहे इस सीमेंट रोड से लोगों को सुविधा मिलने के बजाय मुसीबत की सड़क साबित होगी। पंचायत द्वारा अनावश्यक रूप से अपने घपले छुपाने के लिए यह सीसी रोड बनाई जा रही है ना कि आम नागरिक की सुविधा के लिए ग्रामीणों का मानना है कि सीसी रोड निर्माण की पूरी प्रक्रिया की यदि जांच करेंगे तो तामिया में डोब पंचायत सचिव का घपला उजागर होगा। लेकिन अब तक किए गए फर्जी बाड़े निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार एवं अनावश्यक रूप से डोब सचिव को तामिया मुख्यालय पंचायत में तैनात किए जाने पर भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला पंचायत कार्यालय की कार्य प्रणाली पर भी फर्जीवाड़ा करने वाले सचिव को अतिरिक्त प्रभार दिए जाने पर तामिया के ग्रामीण सवाल खड़े कर रहे हैं।

## अमृत 2 योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन कार्य का निरीक्षण



**जुन्नारदेव** : नगर के वार्ड क्रमांक 10 में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (**RoB**) के साइड में डाली जा रही पेयजल पाइपलाइन का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे एवं नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया ।और संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना शहरवासियों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।अतः प्रत्येक स्तर पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

## ईअटेंडेंस पर अतिथि शिक्षक संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेशकी ओर मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी सौसर के माध्यम से ज्ञापन सोपते हुये समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने की गुहार मुख्यमंत्री से लगाई है।ज्ञापन में अतिथि शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने बताया की शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों से अनिवार्यतः ई अटेंडेंस लगवाने हेतु आदेश जारी किया गया है, जो अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय है। ईअटेंडेंस लगवाने से पूर्व हमारी समस्याओं का निराकरण किया जाना चाहिये,80% से अधिक अतिथि शिक्षकों के पास एंड्रॉइड मोबाइल नहीं है। अतिथि शिक्षकों को सर्वप्रथम शासन स्तर पर एंड्रॉइड मोबाइल खरीदने हेतु न्यूनतम 20000/- रुपये की राशि दि जानी चाहिये,अतिथि शिक्षकों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है, जो मोबाईल रिचार्ज कराने में असमर्थ है,प्रतिमाह निश्चित तिथि में अतिथि शिक्षकों को मानदेय प्रदान होना चाहिए,अतिथि शिक्षकों को मेडिकल / प्रसव/मातृत्व/पितृत्व / आकस्मिक समस्त प्रकार के अवकाशो की सुविधाये मिलनी चाहिए,अतिथि शिक्षकों का वार्षिक अनुबंध भविष्य सुरक्षित किया जाये। नियमित कर्मचारियों की भांति अतिथि शिक्षकों को समस्त प्रकार की शासकीय सुविधाओं का लाभ प्रदान जाये।अनुभवी अतिथि शिक्षक किसी भी कारण से बाहर है, उनकी अनुभव वरिष्ठता के आधार पर अलग से विद्यालय चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाए, दुर्भाग्यवश किसी अतिथि शिक्षक की दुर्घटनावश मृत्यु हो जाती है। तो उसके परिवार को बीमा की सुविधा दी जाये। इस दौरान आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के राजेश बागडे,राखी सातपुते,मयुर मनुष्ठाने,संध्या काकोडिया मेघा बोड़खे,उमाकान्त ढूंढे,सुमित लिखारेआखिलेश वर्मा,अंकुश तुपकर,विशाल रुधे आदि थे।

## आज व्यापारी मण्डल गठन हेतु बैठक

**जुन्नारदेव** : व्यापारी मण्डल के गठन हेतु बैठक का आयोजन आज 18/07/25 दिन शुक्रवार समय दोपहर 2:00 बजे स्थान मंगल भवन मेनमार्केट में किया जा रहा है। बैठक में नगर के सभी व्यापारी सादर आमंत्रित है। उक्त जानकारी नवीन मीरानी ने दिया और बताया कि बैठक के पूर्व आपसी सहमति से विभिन्न व्यवसाए के एक एक मुखिया का चयन करलें तो व्यपारी मन्डल के गठन में सभी को प्रतिनिधित्व दिया जा सकेगा। नगर के रेडीमेट कपडा ,किराना डेलीनिडस,इलेक्ट्रिकल, इलैक्ट्रानिक, मीनीहारी,हार्डवेयर,होटल,जनरल गुडस / घडीयाँ, मोबाईल शाप, शू मर्चेट,मिर्ची मसालासब्जी / फल व्यापारी,सोना चाँदी,मेडीकल,आटोमोबाइल / सायकल,चिकन / मटनओनलाईन,गल्ला राशन व्यपारी, बुक डीपो/प्रिंटिंग प्रेस ,सैलून, बर्तन अन्य प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को शामिल करके व्यापारी मंडल का गठन करना है। जिसमें समस्त व्यापारी सादर आमंत्रित है।

## एनसीसी के जूनियर कैडेट ने द सीनियर कैडेट को विदाई

**जुन्नारदेव**। शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में एनसीसी इकाई के जूनियर कैडेट ने सीनियर कैडेट के लिए विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दी। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद आबिद से मिली जानकारी जूनियर एन सी सी इकाई द्वारा सी सर्टिफिकेट पास 08 कैडेट रोशनी, सुजल, गिरजेश सहित अन्य सीनियर कैडेट को विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी। जूनियर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कैडेट द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा एवं उपहार देकर विदाई समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डा ए के तांडेकर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रोफेसर आर डी वाडिवा, प्रो मनोज मालवीय, क्रीड़ा आधिकारी नीरज पाल, डॉ राहुल भारती सहित समस्त स्टाफ एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मो आबिद उपस्थित रहे।

## सौंसर बुद्ध विहार में हो रहा है वर्षावास समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल सौसर की ओर से वार्ड नं 11 स्थित बुद्ध विहार में वर्षावास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इस दौरान प्रतिदिन बुद्ध विहार में बुध्द और उसके धम्म ओर भारतीय संविधान का वाचन किया जा रहा है।रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल सौसर की अध्यक्ष पमिता बागडे,नितल हनवते,समता बागड़े,ने बताया कि बौध्द विहार में गुरुवार 10 जुलाई 7 अक्टूबर तक वर्षावास समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वर्षावास कार्यक्रम के दौरानशाम 7 बजे सामूहिक बुद्ध वंदना भारतीय संविधान एवं बुध्द और उसका धम्म के वाचन के साथ ही धम्म देशना की जा रही है।वर्षावास समारोह का समापनमंगलवार 7 अक्टूबर को भिक्खु संघ की प्रमुख उपस्थिति में सुबह 11 बजे परित्राण पाठ, शाम 7 बजे से जयभीम एवं महात्मा फुले फिल्म का प्रदर्शन रात्री 8 बजे से भोजन दान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, आयोजन के दौरान धम्म देशना देते हुए बौध्द नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर मार्गदर्शक मुरलीधर कामले,बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे,सुरेश दुफारे, के द्वारा बताया की धम्म का मतलब है, सदाचार जीवन के सभी क्षेत्रों में एक आदमी का दुसरे आदमी के प्रति अच्छा व्यवहार होता है।पंचशील, अष्टांग मार्ग और पारमिताओं का प्रज्ञा पूर्वक पालन करने से दुःख का निवारण हो सकता है।आदमी के चरित्र की पवित्रता (पंचशील का आचरण) ही संसार की भलाई की आधारशीला है। यदी सभी ने अष्टांग मार्ग का अनुसरण किया तो सारी अमानवता और सारे अन्याय जो एक आदमी दुसरे के प्रति करता है, वह समाप्त हो जायेंगे, आदि का मार्गदर्शन दिया जा रहा है।बौद्ध विहार में चल रहे हैं वर्षावास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयाई उपस्थित होकर वर्षावास का पुण्य लाभ ले रहे हैं।

## एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बालाघाट**। खैरलांजी महाविद्यालय मे नशा मुक्ति जन अभियान के अंतर्गत ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ विषय पर 17 जुलाई को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य श्री केएल हिवारे एवं खैरलांजी थाना प्रभारी श्री रामसिंह पटेल के तथा स्वामी विवेकानंद कॅरिअर मार्गदर्शन योजना कार्यक्रम प्रभारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन मे किया गया। इस दौरान एसआई अंकित उपाध्याय, एसके अब्दुस शमीम, डॉ.उमेश सिंह कुशवाह, आईंपी सलामे, डॉ.अशोक टेम्भूर्ने,वीरेंद्र पटले, श्रीमति पूनम गुप्ता, श्री अमर सिंह गोंड, डॉ.विवेक खरगाल एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ व छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य श्री हिवारे द्वारा नशे से दूरी है जरूरी विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं थाना प्रभारी श्री पटेल द्वारा ₹नशे से दूरी है।

### लालबर्रा से कंजई घाटी तक मार्ग हुआ जर्जर, गड्ढे दे रहे हादसों को निमंत्रण

## खस्ताहाल सड़क पर चलना हुआ दुश्वार

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



मुख्यालय से गुजरने वाला बालाघाट सिवनी मार्ग कंजई तक जर्जर दिखाई दे रहा है बड़े-बड़े गड्ढो के चलते आम राहगीरों का चलना दुश्वार हो गया है मुख्यालय स्थित डॉक्टर उपाध्याय के पास मार्ग मानो तालाब में तब्दील दिखाई दे रहा है लेकिन किसी भी जिम्मेदार की नजर जानलेवा गड्ढे पर ना पढ़ना सीधे-सीधे हादसों को निमंत्रण है। फिर भी है की जिम्मेदार गड्ढो की मरम्मत नहीं करा रहे है। आखिर क्या.. संबंधित विभाग दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। बरसात शुरू है और ऐसे में छोटे-बड़े गड्ढो पर पानी भरे रहने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं जिससे दुर्घटना घटित होती है। और तो और मार्ग की दोनों साइड पटरिया भी नालियों में तब्दील नजर आ रही है समझ यह नहीं आता की आखिर मार्ग की मरम्मत क्यों नहीं हो रही है।

### मार्ग बना परेशानी का सबब

शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है और प्रतिदिन कंजई से लेकर बालाघाट तक हजारों की संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं, गरीब मजदूर और किसान गड्ढो से भरे मार्ग से आवाजाही करते हैं जिससे उन्हें आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गड्ढे इतने खतरनाक हो चुके है कि आम राहगीर जान हथेली पर रखकर अपने गंतव्य तक जाने को विवश है। लेकिन जिम्मेदार विभाग मार्ग पर फैली अव्यवस्थाओं को व्यवस्था में बदलने कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। आम राहगीर और वाहनों को आवाजाही में हो रही दिक्कतों की सुनने वाला कोई नहीं.. मार्ग पर उभरे गड्ढो की जल्द मरम्मत हो, मार्ग की मरम्मत होने से किसी भी अनहोनी घटना का भय नहीं रहेगा। जागरूक जनो ने बालाघाट सिवनी मार्ग की जल्द मरम्मत की मांग प्रशासन से की है।

### ग्राम वारा स्थित सार्वजनिक मंदिर में हुई लगभग 3-4 हजार रूपये की चोरी

## वारासिवनी पुलिस पर भारी पड़ रहें अज्ञात चोर

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर में चोरिया का सिलसिला थमने का नाम नही ले रही हैं कभी ये चोर दुकान,मकान,तो कभी सार्वजनिक मंदिरो को अपना निशाना बनाने रहें हैं बीती रात्रि चोरो ने वारासिवनी थाना क्षेत्र के व्यस्तम मार्ग बालाघाट मार्ग स्थित ग्राम वारा के समीप सार्वजनिक माँ दुर्गा माता मंदिर से दान पेटी पर रखे लगभग 3-4 हजार रूपये पर हाथ साफ कर दिया हैं यह नगर में चोरी की पहली घटना नही है चोरों ने इसके पहले भी धार्मिक स्थलो को अपना निशाना बनाया है इसके पहले भी चोरों ने वारासिवनी नगर के वार्ड नंबर एक अमृत नगर दुर्गा मंदिर,सब्जी मार्केट स्थित दुर्गा मंदिर,तहसील कार्यालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर,हैदराबाद मोहला स्थित हनुमान मंदिर सहित नगर के आधा सैकड़ा से अधिक धार्मिक स्थलो पर धावा बोला है,चुकी वारासिवनी पुलिस रात्रि में गस्त जरूर करती है लेकिन उनकी इस गस्त का चोरों पर कोई असर नही पड़ता,जिसका खामियाजा चोर बड़ी ही आसानी से पुलिस को चकमा देकर अंजाम दे रहें हैं।

### चैनल गेट के ऊपर लगी जाली क़ो तोड़कर घटना क़ो दिए अंजाम



ललिता धुर्वे ने कहा की मैं लगभग 3-4 वर्षो से मंदिर की देखरेख सहित साफ-सफाई करती हु गुरुवार क़ो सुबह लगभग 8:30 बजे मैंने जैसे ही मंदिर के चैनल गेट का ताला खोला और अंदर प्रवेश किया तो देखा दान पेटी का ताला टुटा हुआ था और टुटा ताला कहीं और पड़ा हुआ था और उसकी राशि गायब व पूजा की थाली कहीं और पड़ी हुई थीं वही आलमारी भी खुली हुई थीं दान पेटी मे लगभग 3-4 हजार रूपये रहें होंगे जो दान पेटी से गायब थे जिसकी सुचना पुलिस क़ो दे दिया गया हैं।

### आरोपियों के फुटेज रहने के बाद पुलिस आरोपी को पकड़ने में नाकाम

ऐसा नही हैं की यह चोरी की पहली वारदात घटित हुई होंगी शहर सहित ग्रामीण छेत्रो में चोरी की दर्जनों फुटेज पुलिस के पास मौजूद हैं मगर पुलिस इन आरोपियो तक पहुंचने में असफल साबित हुई हैं वही कुछ ही दिन पूर्व ग्राम मुरझड़ मे सार्वजनिक मंदिर मे हुई चोरी का पुलिस अभी तक पता नही लगा पाई हैं जिसके सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के पास मौजूद हैं अब देखना होगा की पुलिस इन अज्ञात चोरो तक कैसे पहुँच पाती हैं।

## शा. उ.मा.वि. घोटी में नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज लाँजी।

प्रदेश में 15 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटी में बुधवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएसआई, महेश बिसेन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया।

### छात्रों से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

अपने प्रेरणादायी संबोधन में एएसआई, महेश बिसेन ने कहा कि–"नशा युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने वाला सबसे बड़ा दुश्मन है। समाज और परिवार को सुरक्षित व स्वस्थ रखने के लिए हमें स्वयं भी नशे से दूर रहना है और दूसरों को भी प्रेरित करना है।"उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें और अपने गांव, परिवार तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाएं।

### प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दी दिशा

विद्यालय के प्राचार्य साइन श्याम धारणे ने भी कार्यक्रम में छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए कहा:"नशा विनाश का कारण है। यदि आप अपने जीवन को सफल बनाना चाहते हैं तो इसकी शुरुआत खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाकर करें — और उसके लिए नशे से दूरी आवश्यक है।"उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि वे नियमित रूप से पढ़ाई करें, खेलकूद में भाग लें और खुद को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ें। कार्यक्रम के दौरान लांजी पुलिस थाने का बल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभी ने पोस्टर के माध्यम से "नशा छोड़ो, जीवन गढ़ो" जैसे संदेशों को समर्थन देते हुए अभियान में सहभागिता दिखाई।

## 6 सूत्रीय मांगों को लेकर अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज लांजी**। मध्य प्रदेश में अतिथि शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, सरकार द्वारा किए गए वादों को याद दिलाने के लिए लगातार अलग-अलग जिलों में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिए जा रहे हैं, इसी क्रम में एक बार फिर से लांजी ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों ने क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे को मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर उसे अमल में लाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ई अटेंडेंस लागू करने से पहले अतिथि शिक्षकों की व्यवहारिक समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाय। प्रदेश में हजारों अतिथि शिक्षकों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं हैं। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा के समय नदी नाले उफान पर होते हैं, कहीं जाम की स्थिति होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट और नेटवर्क की समस्याएं भी हैं। इसके अलावा रिक्त पदों पर वरीयताक्रम में प्राथमिकता दी जाए। ब्लॉक अध्यक्ष गेंदलाल राहंगडाले ने कहा कि अतिथि शिक्षकों की व्यवहारिक समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए ई अटेंडेंस लागू ना की जाए और रिक्त पदों पर वरीयताक्रम में प्राथमिकता दी जाए। साथ ही अपनी छह सूत्रीय मांगों के संबंध में उन्होंने कहा कि हमारी मांगों में प्रमुख रूप से यह मांगे शामिल है जिसमें अनुभव के आधार पर बारह माह सेवाकाल करते हुए पद स्थाई किया जाय । ई अटेंडेंस लागू करने से पहले ऐच्छिक आकस्मिक अवकाश दुर्घटना बीमा की सुविधा दी जाय और अतिथि शिक्षकों को एंड्रॉयड मोबाइल उपलब्ध कराया जाए। रिक्त पदों पर फॉलन आउट अतिथि शिक्षकों को वरीयताक्रम में प्राथमिकता दी जाए। विगत सत्र में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की तकनीकी विसंगति दूर करते हुए ज्वाइनिंग दी जाए। पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षकों के लिए पंजीयन और सत्यापन का पोर्टल खोला जाय । स्कोर कार्ड में 10 अंक प्रतिवर्ष अनुभव के अंक जोड़े जाएं। अतिथि शिक्षकों ने विधायक से ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया है कि सीएम द्वारा उपरोक्त सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाय।सरकार द्वारा किए गए वादों को याद दिलाते हुए अतिथि शिक्षकों ने चेतावनी विधि है अतिथि शिक्षकों को कहना है कि अगर जल्द ही कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो फिर अतिथि शिक्षकों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अतिथि शिक्षकों में ब्लॉक अध्यक्ष गेंदलाल राहंगडाले, शैलेश मढ़ामें, दीपक सोनवाने, नरेश मिसारे, मुनेंद्र बोरकर, नीलिमा ठवरे, मीनाक्षी तिडके, प्रीति वासनिक, चन्द्रशेखर दुरगकर सहित अन्य अतिथि शिक्षक शामिल थे।

## 6 फिट लंबे धामन सर्प का रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ा

हरिभूमि न्यूज उकवा।



जैसे ही गर्मी के बाद पहली बरसात होती है तो घरों में बिलों से निकलने वाले सांपों की संख्या बढ़ जाती है। आए दिन उकवा क्षेत्र में आसपास के गांव में लगातार सर्प लोगों को दिख रहे हैं जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा रेस्क्यू टीम को दी जा रही है उकवा क्षेत्र में रेस्क्यू करने वाले रेस्क्यूवर तत्काल सूचना पाकर घरों में पहुंचकर निकलने वाले सांपों को सुरक्षित पड़कर वनों में छोड़ने का कार्य करते हैं। और ग्रामीणों को सांपों से बचने के उपाय तथा सर्प काटे जाने पर किए जाने वाले इलाज के संबंध में जानकारी देते हैं, फिर भी वर्तमान में लोग पुरानी पद्धति झाड़ फूंक जादूटोना के पीछे पड़कर जान जोखिम मे डालते हैं। सर्प अगर आपको दिखाई दे तो उसे मारे नही बल्की इसकी सूचना सर्प रेस्क्यूवर को दे रेस्कियवर मौके पर पहुंचकर सर्प को सुरक्षित पकड़ते है।हर समय देखा गया है कि उकवा क्षेत्र में निकलने वाले सांपों को पड़कर जंगलों में छोडा जाता है किंतु रेस्क्यूर इसकी कोई फीस नहीं लेते। बुधवार की रात्रि मे आनंद गोदरे पत्रकार के घर के पाटन मे सर्प दिखाई दिया जिसकी सूचना श्री प्रदीप उरकुडे सर्प रेस्कियर को फोन द्वारा दी गई सूचना पाकर तुरंत प्रदीप आनंद गोदरे के घर पहुँचे और सर्प का रेस्क्यू किया 6 फिट लंबे धामन सर्प को पकड़कर जंगल मे सुरक्षित छोड़ा गया।

**खबर संक्षेप**

### बरघाट हॉस्पिटल के कर्मचारी की लापरवाही 10.30 बजे भी नहीं खुल पा रहे हैं ताले

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिविल अस्पताल बरघाट के कर्मचारी और अधिकारी समय का ध्यान न देते हुए 10.30 बजे 11 बजे ताला खोल रहे हैं कई दिनों से हॉस्पिटल की शिकायत आ रही है कि अधिकारी कर्मचारी अपने अस्पताल में नहीं मिलते और मिलते भी हैं तो 12 से 3 तक क्योंकि 4 के पहले ही ऑफिस बंद कर दिया जाता है और सुबह 10.30 11.00 ऑफिस खोला जाता है जबकि अस्पताल का टाइमिंग कुछ और है जो की सबको पता है लेकिन आपको बताएं कि 2 फ्लोर तक कुछ कर्मचारी के ऑफिस में ताले लटके दिखते हैं रेगुलर पिऊन तक 12 बजे अस्पताल पहुंचती में और 4 अपने घर को रवाना हो जाती है यह कर्मचारी की लापरवाही ही कहा जाएगा।

# दो मासूमों की हत्या का आरोपी निकला माँ का जीजा

## जीजा की गंदी नजर बनी हत्या की वजह

।हरिभूमि न्यूज ▶▶।सिवनी।

16 जुलाई,2025 को प्रार्थिया श्रीमति पूजा ढाकरिया पति धर्मेन्द्र ढाकरिया उम्र 30 वर्ष निवासी नामदेव के किराये के मकान में महावीर व्यायाम शाला के पास सुभाष वार्ड सिवनी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसके नाबालिक बेटे दिव्यांश ढाकरिया उम्र 06 वर्ष एवं मयंक ढाकरिया उम्र 09 वर्ष को 15 जुलाई,2025 को शाम करीब 17/00 बजे के मध्य प्रार्थिया के घर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुध्द पृथक - पृथक अपराध क्रमांक 597/2025 धारा 137(2) बीएनएस एवं 598/2025 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।


फाईल फोटो

अपहत बालकों की दस्तयाबी के लिए पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी के नेतृत्व में थाना कोतवाली,थाना डुण्डासिवनी, थाना अरी की संयुक्त टीम गठित की गई विवेचना के दौरान अपहत बालक दिव्यांश ढाकरिया एवं मयंक ढाकरिया की तलाश पतासाजी तत्परता से की गई । विवेचना मुखबिर सूचना पर जानकारी प्राप्त हुई कि घसियारी चौक से एक आटो मे दो बच्चो को एक युवक बैठाकर ले जाते देखा गया है। संबंधित आटो की तलाश कर आटो चालक को बच्चो की फोटो दिखाई गई जिसको आटो चालक ने पहचान कर बताया कि उक्त दोनो बच्चे एक युवक के साथ मेरी आटो मे बैठे थे जिन्हे मैने घसियारी से आईरीस स्कुल तक छोडा हुँ। और बच्चे उस युवक को मौसा कह रहे थे। प्रार्थीया से पुछने पर उसने अपनी बहन करिश्मा के पति भोजराम बेलबंशी निवासी ढारिया पर शक जाहिर किया।

विवेचना के दौरान तत्काल भोजराम बेलवंशी की तलाश पतासाजी कर थाना बुलाकर सुझबुझ एवं सख्ती से पूछताछ करने पर संदेही भोजराम बेलवंशी के द्वारा बताया कि 15 जुलाई,2025 को करीब 5.30 बजे शाम को बालक मयंक एवं दिव्यांश के स्कूल से आने के बाद घसियारी चौक सिवनी से किराये के आटो में बैठाकर सायकल दिलाने के बहाने जनता नगर चौक तक लेकर गया था फिर जनता नगर चौक में दोस्त शुभम उर्फ यश मिला जिसकी मोटर सायकल से मयंक एवं दिव्यांश को बैठाकर हम चारों आमागढ से अम्बामाई के जंगल में ले गये थे जहाँ रात्री में करीब 08.30 बजे धारदार चाकू से दिव्यांश ढाकरिया एवं मयंक ढाकरिया की एक धारदार चाकू से गला रेतकर हत्या कर शव को नाली में पत्थर से छिपा देना बताने पर शव को अम्बामाई के जंगल से 16 जुलाई,2025 को दस्तयाब किया जाकर शव पंचनामा कार्रवाई कर पीएम कराया गया हैं तथा दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाकर अग्रीम कार्रवाई की जावेगी ।

आरोपी भोजराम बेलवंशी प्रार्थिया से एकतरफा लगाव रखता था जिस कारण वह प्रार्थिया के घर बार-बार आना जाना करता था । प्रार्थिया अपने पति से अलग दोनों बालकों के साथ रहती थी जिस पर आरोपी भोजराम बेलवंशी की गलत नियत रखता था, दोनों नाबालिक बालक अपने मां के साथ रहते थे जिसके कारण आरोपी अपने गलत मंसुबे में कामयाब नहीं हो पा रहा था । पूर्व में भी आरोपी ने प्रार्थिया को उसके बच्चों को उठा लेने की धमकी दी थी

**गिरफ्तार आरोपी**

भोजराम बेलवंशी पिता रामसेवक बेलवंशी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम ढारिया थाना छपारा सिवनी । शुभम उर्फ यश जावरे पिता महेश जावरे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम कारीरात थाना लखनवाड़ा सिवनी । घटना में प्रयुक्त हथियार एवं वाहन 01 धारदार चाकू एवं मोटर सायकल । उक्त कार्यवाही मे नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय, निरीक्षक किशोर वामनकर, सतीश तिवारी निरी खेमेंद्र जैतवार उनि आशीष खोब्रागड़े दयाराम शरणागत ,राहुल काकोडिया, मनोज जंघेला, रितु उइके (फिगर प्रिंट) ,सउनि दिनेश रघुवंशी, शैलेश तिवारी,देवेन्द्र जैसवाल(सायबर सेल),जसवंत ठाकुर प्रआर मनोज पाल, मतिन खान, श्यम सुन्दर तिवारी, आर अमित रघुवंशी, सिध्दार्थ दुबे,अंकित देशमुख,प्रतीक बघेल, इरफान खान सतीश, अजेन्द्र ,प्रदीप, संजय, रविशंकर, दिलीप , विक्रम देशमुख , नितेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर,अंशुमन, हेमंत ,रितेश वर्मा ,सुभाष सदाफल, पारस, सोमेत्र उपाध्याय (फिगर प्रिंट),मआर प्रियंका शर्मा , डा. अजीता (सीन आफ क्राईम) थाना छपारा टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# श्री नर्मदेश्वर मंदिर में सावन माह पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम

।हरिभूमि न्यूज ▶▶।सिवनी।



सावन के पवित्र महीने में श्री नर्मदेश्वर मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे माह विविध धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे।

प्रतिदिन शाम 5 बजे प्रदोष काल में सामूहिक रुद्राभिषेक एवं साम 7.30 बजे दिव्य श्रृंगार आरती सोमवार को विशेष रुद्राभिषेक, शनिवार सामूहिक सुंदरकांड पाठ चतुर्थ सोमवार को सिद्ध किए हुए रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा, श्रद्धालु जन भी रुद्राभिषेक करवाने हेतु मंदिर के पुजारी पं. प्रीतम शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर महिला मंडल और युवाओं ने मिलकर साज सज्जा की है जिससे वातावरण शिवमय बन गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन के प्रत्येक दिन मंदिर प्रांगण में विशेष सजावट और लाइटिंग की गई, जिससे श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभूति प्राप्त हुई।

श्री नर्मदेश्वर मंदिर का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र बना हुआ है। और सभी श्रद्धालुओं से अपील की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रभु भोलेनाथ के दर्शन कर धर्म लाभ कमाए।

### आई.एफ.एम.आई.एस में समग्र आईडी मेपिंग न होने की स्थिति में शासकीय कर्मचारियों का रुकेगा वेतन

**भूमि न्यूज सिवनी।** / कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने जिले के सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि माह जुलाई 2025 तक समस्त शासकीय सेवकों का ई-केवायसी प्रक्रिया के तहत आई.एफ.एम.आई.एस. में समग्र आई डी की मेपिग का कार्य पूर्ण कराया जाये। अन्यथा कि स्थिति में आई.एफ. एम.आई.एस. में ई-केवायसी पूर्ण किये गए शासकीय सेवको का ही माह जुलाई 2025 का वेतन आहरण किया जाना सुनिश्चित करे।

# 27 वे चातुर्मास कलश की शुभ मुहूर्त के साथ स्थापना हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶।सिवनी।



श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 17जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में 27 वें चातुर्मास कलश स्थापना शुभ मुहूर्त में संपन्न हुई,चातुर्मास कलश स्थापित करने का सौभाग्य अनेक परिवारों को प्राप्त हुआ ।इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि भवसागर ने कहा क चातुर्मास स्थापना भक्ति पथ के साथ 9 जुलाई को हुई थी चातुर्मास कलश की बोली 12 जुलाई को हुई थी 17 जुलाई को शुभ मुहूर्त में स्थापित किए जा रहे हैं, जो व्यक्ति किसी कारण से वंचित रह गए हैं 24 जुलाई को पुष्य नक्षत्र में शाम 4 बजे कलश स्थापित करेंगे, दीपावली पर हर घर में शुभ मुहूर्त में कलश पूजन में शामिल किए जाएंगे, यह मांगलिक कार्य हमेशा मंगल प्रदान करते हैं।

# ग्राम पंचायत साल्हेखुर्द मे मिल रही 10 घंटे बिजली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम मोहगांव ग्राम पंचायत साल्हेखुर्द चीच तहसील बरघाट, जिला सिवनी मध्यप्रदेश के निवासी है जो अपने परिवार के साथ विगत 20 वर्षो से मकान बनाकर घरेलु कनेक्शन बिजली सर्विसलाइन से बिजली का उपयोग कर रहे है। हमारे मोहल्ले की लाईन की केसलाकलों से बिजली सप्लाई होती है। किन्तु विगत 5 दिनों से हमारी बिजली लाईन को घरेलु लाईट न देकर कृषि लाईन में जोड दिया गया है जिससे हमारे मकान बिजली कनेक्शन में मात्र 10 घंटे का कर दिया है जिसे अतिशीघ्र मोहल्ले मोहगांव में लाईन घरेलु सर्विस लाइन कनेक्शन जोडने की कृपा करें जिससे हमारे मकान में बिजली का निस्तार हो सके है। मोहगाव के निवासी निवेदन करते है कि हमारे मकान में लगे घरेलु बिजली कनेक्शन की सप्लाई 24 घंटे की जोड़ने की कृपा करें । अतः महोदय जी से निवेदन है कि में आवेदिका को अपने घरेलू मीटर का कनेक्षन लगाने की कृपा करें।



# श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम वाले स्कूली संस्थाओं मिले स्मार्ट बोर्ड

## कलेक्टर सुश्री जैन के हस्ते हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶।सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मुख्यातिथ्य में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लखनादौन में दृष्टि वेलफेयर फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा सीआरसी मद से प्राप्त स्मार्ट बोर्ड का वितरण कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विगत वर्षों में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए लखनादौन विकासखंड के कुल 35 एवं छपारा विकासखंड की कुल 15 संस्थाओं को स्मार्ट बोर्ड प्रदान किये। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री रवि सिहाग, सहायक आयुक्त श्री अमरसिंह उइके सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों एवं संबंधित स्कूलों के प्राचार्यों की उपस्थिति रही। कलेक्टर सुश्री जैन ने स्मार्ट बोर्ड का विमोचन कर उपस्थित प्राचार्यों को नवीन तकनीकी का उपयोग करते हुए बच्चों को पहले से और अधिक सुगम रूप से पढाने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त कलेक्टर सुश्री जैन ने गिफ्ट अ डेस्क मुहिम से प्रेरणा लेकर शाला में स्थापित किये गये वाचनालय का भी शुभारंभ किया। उन्होंने लखनादौन की संपूर्ण टीम को बधाई दी। कलेक्टर सुश्री जैन ने अपने प्रवास के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं से भी आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कक्षा 10वीं के बच्चों से विज्ञान के सामान्य प्रश्न पूछे तथा सही जवाब देने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा शाला परिसर में एक



# रोजगार मेले में 223 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बुधवार 16 जुलाई 2025 को शासकीय आई टी आई सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 11 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 322 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 223 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उक्त मेलें मे प्रारंभिक रूप से ग्रो फास्ट द्वारा 21, आमदनी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 22, एल आई सी सिवनी द्वारा 18, अंबुजा फाउंडेशन द्वारा 20, साई प्रसाद इंड्रस्टीयल सर्विसेस पूणे द्वारा 32, एनआईआईटी छिंदवाडा द्वारा 30, सीआई आई स्किल छिंदवाडा द्वारा 15, गोल्डन फार्मर सागर द्वारा 36, संदीप एरीग्रेशन इंदौर द्वारा 14 एवं प्रथम एजुकेशन जबलपुर द्वारा 15 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिसमें अप्रेंटिसशिप हेतू आमधन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 15 आवेदकों का चयन किया गया। सेन्ट आरएसीटी सिवनी द्वारा प्रशिक्षण हेतु 19 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, काल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपॅरेटर, तकनीकि सहायक आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई।

# ईस्टर्न प्रोजेक्ट प्रा. लिमिटेड ने डॉगनगोंदी शासकीय प्राथमिक विद्यालय का नवीनीकरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶।लखनादौन।

अपनी सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता पहल के तहत, ईस्टर्न प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की लखनादौन-खवासा परियोजना की टीम ने मड़ई टोल प्लाजा के पास स्थित डॉगनगोंदी गाँव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में व्यापक मरम्मत और रंग-रोगन का काम सफलतापूर्वक पूरा कराया।

स्थानीय छात्रों के लिए शिक्षण वातावरण को बेहतर बनाने के सराहनीय प्रयास में, टीम ने बच्चों के लिए अधिक आराम सुनिश्चित करते हुए स्कूल के लिए 25 नई बेंचें भी उपलब्ध कराईं। यह नवीनीकरण परियोजना परियोजना प्रबंधक कृष्णा मेधी और मड़ई टोल प्रबंधक हेमंत राजपूत के समर्पण और नेतृत्व से प्रेरित थी, जिनकी प्रतिबद्धता ने कार्य को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करना सुनिश्चित किया।

नवीनीकरण के पूरा होने का कार्यक्रम मनाने के लिए, । हाईवे टीम ने 17 जुलाई 2025 को स्कूल में एक समारोह आयोजित किया। इस दौरान, बच्चों और शिक्षकों को मिठाइयाँ बाँटी गईं और उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की गई।

इस समारोह में परियोजना प्रबंधक कृष्णा मेधी, प्रबंधक हेमंत राजपूत, एच आर मैनेजर आशीष भदौरिया, मैंटेनन्स प्रभारी अवनीश तिवारी, सुरक्षा प्रबंधक विमल कुमार, अकाउंटेंट गौरव और ब्रजेश उपस्थित थे। स्कूल के शिक्षक श्याम लाल उइके और स्कूल के सभी शिक्षक एवं सहायक कर्मचारी भी उपस्थित रहकर हाईवे टीम का स्वागत एवं धन्यवाद किया।

ईस्टर्न प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड अपने संचालन के साथ समुदायों के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्धता और भावी पीढ़ियों के लिए शिक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने में अपने विश्वास की सार्थक कोशिश करता है।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग व आयुष मंत्रालय के निर्देशन में एवं जिला चिकित्सालय सिवनी के सहयोग से प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में उमंग उच्च शिक्षा वेलनेस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्वाथ्य मन -स्वस्थ्य तन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियो को वर्तमान समय मे मानसिक दबाव से ऊपर उठकर वर्तमान समय मे कैसे शिक्षण,खेल,संस्कृतिक गतिविधियों व प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल होने के लिए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं से अवगत कराकर कैसे सफलता हांसिल की जा सकती है कार्यक्रम के प्रारम्भिक सत्र में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग, विषय विशेषज्ञ डॉ जयज काकोड़िया, डॉ पुरषोत्तम डहेरिया, श्रीमती मनीषा तिवारी, सुश्री मानसी पलागर ने क्रमशः मानसिक रोग के लक्षण, कारण व उनके निदान पर प्रकाश डाला साथ जिला अस्पताल में संचालित मन कक्ष के माध्यम से मानसिक रोगों से छुटकारा पाने हेतु उपचार, सलाह व दवाइयां प्राप्त करते हुए चिकित्सक की सलाह की प्रक्रिया समझाई।

# न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए पृथक-पृथक राजस्व अधिकारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी

### कलेक्टर सुसंस्कृति जैन ने शासन के निर्देशानुसार न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए पृथक-पृथक राजस्व अधिकारियों के पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶।सिवनी।

जारी ओदशानुसार तहसील सिवनी अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार सिवनी एवं न्यायालय तहसीलदार सिवनी नगर में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए प्रभारी तहसीलदार नितिन चौधरी को पदस्थ किया गया है। इसी तरह न्यायालय नायब तहसीलदार भाग-1 में न्यायालयीन कार्य दिवस मंगलवार एवं गुरूवार के लिए प्रभारी तहसीलदार नितिन चौधरी तथा न्यायालय नायब तहसीलदार भोमा में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए नायब तहसीलदार सुदीक्षा पटेल को एवं न्यायालय नायब तहसीलदार बंडोल में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए प्रभारी भू-अधीक्षक एस एस परतेती को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार हिमांशु कौशल, नायब तहसीलदार सुराधिका पाठक तथा प्रभारी सहायक भू-अधीक्षक सुरेश राय के पदस्थापना के आदेश जारी किये गए हैं। इसी तरह तहसील बरघाट अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार बरघाट में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार तथा न्यायालय नायब तहसीलदार गंगेरूआ में न्यायालयीन कार्य दिवस मंगलवार एवं गुरूवार के लिए प्रभारी तहसीलदार अमृतलाल धुर्वे को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार धर्मराज तुरकर की पदस्थापना की गई है।

तहसील केवलारी अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार केवलारी में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार तथा न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी में न्यायालयीन कार्य दिवस मंगलवार एवं गुरूवार के लिए नायब तहसीलदार शशांक मेश्राम को पदस्थ किया गया है। न्यायालय नायब तहसीलदार उगली में न्यायालयीन कार्यदिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए नायब तहसीलदार सुदीक्षा वासनिक को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार कुंवरलाल की पदस्थापना की गई है।

तहसील घंसौर अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार घंसौर में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार, बुधवार, गुरूवार एवं शुक्रवार तथा न्यायालय नायब तहसीलदार कहानी में न्यायालयीन कार्य दिवस मंगलवार के लिए नायब तहसीलदार शिफाली अग्रवाल को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख धीरूलाल परते की पदस्थापना की गई है। तहसील धनौरा अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार धनौरा में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार अरूण भूषण दुबे को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख धीरूलाल परते की पदस्थापना की गई है। तहसील लखनादौन अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार लखनादौन में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए नायब तहसीलदार दिग्विजय परस्ते तथा न्यायालय नायब तहसीलदार धूमा में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार,बुधवार, शुक्रवार तथा न्यायालय नायब तहसीलदार आदेगांव में न्यायालयीन कार्यदिवस मंगलवार एवं गुरूवार के लिए प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती पूजा राय को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार अखिलेश कुशराम की पदस्थापना की गई है।

तहसील छपारा अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार छपारा में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए नायब तहसीलदार सौरभ मरावी तथा न्यायालय नायब तहसीलदार चमारी खुर्द में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार रामसेवक कोल को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार अखिलेश कुशराम की पदस्थापना की गई है।

इसी तरह तहसील कुरई अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार कुरई वृत्त सुकतरा में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार तथा न्यायालय नायब तहसीलदार कुरई में कार्यदिवस मंगलवार एवं गुरूवार के लिए नायब तहसीलदार सतीश चौधरी तथा वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार दामोदार प्रसाद दुबे की पदस्थापना की गई है।

## पार्षद ने भी आवारा मवेशियों को लेकर दिया आवेदन

# नगर वासियों की मांग पर नगर परिषद द्वारा आवारा मवेशियों को गौशाला भेजने की कार्यवाही

छपारा - नगर परिषद द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने हेतु विगत दो माह पूर्व काऊ केचर वाहन क्रय कर लिया गया किंतु इसके बाद वह सिर्फ नगर परिषद के वाहनों के लश्कर में सिर्फ संख्या ही बढ़ा रहा था। किंतु जब सोशल मीडिया के माध्यम से नगर के नागरिकों ने हर गली कूचे में बैठे आवारा मवेशियों की फोटो शेयर कर नगर परिषद से कार्यवाही की मांग की साथ ही नगर परिषद के विवेकानंद वार्ड के पार्षद रामेश्वर बंजारा ने भी आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर सीएमओ को आवेदन दिया तब कही जाकर उक्त नए खरीदे काऊ केचर वाहन का बुधवार शाम को श्री गणेश हुआ और गौशाला भेजने की कार्यवाही शुरू की है। ज्ञात हो कि 16 जुलाई को परिषद द्वारा नगर के बस स्टैंड परिसर में घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ कर काऊ कैचर वाहन की सहायता से नगर से दूर स्थित गौशाला भेजने की कार्यवाही की गई हैं, देखना यह है कि उक्त कार्यवाही कितने दिन चलती हैं। साथ ही इन आवारा मवेशियों का आतंक बस स्टैंड परिसर सहित



नगर के सभी वार्डो में, देखने आ रहा है कि इन आवारा मवेशियों की नगर में लगातार वृद्धि हो रही हैं जिस पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों से चर्चा हुई तो पता चला कि जो मवेशी कभी उनके खेतों में काम आते थे अब गाँव-गाँव ट्रैक्टर होने से इनका काम खत्म हो गया वहीं पहले किसान या पशु पालक बेकाम मवेशियों को बैल बाजार में बेच देते थे अब उनको भी कोई नहीं खरीद रहा हैं इस वजह से इनको लोग आवारा छोड़ दे रहे हैं इसी कारण नगर सहित उसके आसपास आवारा मवेशियों की संख्या बढ़ गई है। वहीं नगर परिषद क्षेत्र के सिंचाई कॉलोनी के समाने दुल्हा देव मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर सबसे ज्यादा आवारा मवेशी लगभग एक सैकड़े के आसपास रात में सड़क पर ही बैठे रहते उक्त स्थान पर पूर्व में भी कई हादसे हो चुके है इसके बाद भी इस ओर स्थानीय प्रशासन का ध्यान ना देना समझ से परे है। वहीं परिषद द्वारा बिना काम की लाखों रुपए कीमत की एलईडी तो बैनगंगा नदी तट पर झंडा क्रय कर लगाया गया किंतु सबसे जरूरी सिंचाई कॉलोनी से लेकर बायपास चौराहे तक फैले अंधेरे को दूर करने को लेकर कोई कवायद नहीं की जबकि तीन साल में कई बार लोगों द्वारा इसको लेकर मांग उठाई गई है, किंतु शायद नगर परिषद के जिम्मेदार भी चाहते हैं कि अंधेरा कायम रहे चाहे वहां कितने भी हादसे होते रहे।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एस.एस.(गणित, भैतिक.रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-ड इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्कैन,डायलिसिस, पैथोलॉजी
सभी प्रकार की जाँच सुविधा।
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

### जांच हो तो कई और अवमानक दवाएं मिल सकती हैं

# शासकीय औषधी प्रयोगशाला की जांच में सीरप पाया गया अवमानक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में बच्चों को दिया गया पैरासिटामॉल सिरप अवमानक पाया गया है। लेकिन जांच करने लिए सैंपल की रिपोर्ट डेढ़ साल बाद मिली। इसके पहले ही अस्पताल से करीब 4 हजार सिरप की बोतल मरीजों को बांट दी गई। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने इसकी पुष्टि की है।






#### जांच रिपोर्ट आने से पहले बांट दिया स्टॉक

जानकारी के अनुसार धार जिले की क्वांटिस लैब दवा कंपनी से अक्टूबर 2023 में 4 हजार बोतलें वितरण के लिए आईं थी। इसकी जांच के लिए दिसंबर 2023 में लिए गए सैंपल की जांच रिपोर्ट 25 जून 2025 को आई। जबकि दिसंबर 2024 तक पूरा स्टाक ही बांट दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि दवा मंगाते समय दिल्ली प्रयोगशाला की रिपोर्ट में क्वालिटी स्टैंडर्ड थी। इसलिए मरीजों को ये सिरप बांटा गया।

रिपोर्ट में आया लिक्विड घुलनशील नहीं

रिडिस्पर्सिबल रिपोर्ट में पाया गया कि सिरप में पैरासिटामॉल लिक्विड के साथ घुलनशील नहीं था। यानी बॉडी को जितने मिलीग्राम की जरूरत है। उतनी दवाई बच्चे के शरीर को नहीं मिल पा रही है। इसलिए इसका सैंपल फेल आया है। स्वास्थ्य विभाग पर जून में रिपोर्ट आने के बाद भी मामले को दबाने का आरोप है।

कांग्रेस विधायक संजय उइके ने इसे गंभीर मामला बताया है। उन्होंने कहा कि यह रूटीन सैंपल की जांच में सामने आया है। अगर सभी दवाओं की जांच हो तो कई और अवमानक दवाएं मिल सकती हैं। वे इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे।

कलेक्टर मृणाल मीणा ने सीएमएचओ को कंपनी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर ने सीएस स्टोर रूम से सिरप के सैंपल लिए थे।

#### सीएमएचओ बोले- किसी को नुकसान नहीं

सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने कहा कि दवा के साथ मिली दिल्ली की रिपोर्ट के आधार पर सैंपल के बाद भी दवा का वितरण किया गया। इस दवा के सेवन से किसी प्रकार से बच्चों को, नुकसान का कोई मामला सामने नहीं आया।

### "मैं किसान का बेटा हूं, यही मेरी असली पहचान है"

# धान रोपाई में जुटे परसवाड़ा विधायक मधु भगत





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश के जनप्रतिनिधि अगर जनता से सीधे जुड़ाव रखते हैं और खेत-खलिहानों की मिट्टी से अपना नाता नहीं तोड़ते, तो वे न केवल राजनीति में विश्वसनीयता स्थापित करते हैं बल्कि आमजन के दिलों में भी खास जगह बना लेते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने प्रस्तुत किया है।

विधायक भगत इन दिनों अपने गृह ग्राम चरेगांव में हैं, जहां वे स्वयं खेत में उतरकर धान की रोपाई का कार्य कर रहे हैं। गुरुवार को वे अपने पुत्र सोमिल भगत, भतीजे हर्षित भगत और अन्य परिजनों के साथ खेतों में धान की रोपाई करते हुए देखे गए। परंपरागत तरीके से कीचड़ में उतरकर स्वयं रोपा लगाते हुए विधायक भगत का यह दृश्य ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बन गया।

विधायक ने मीडिया से बातचीत में कहा, "मैं किसान का बेटा हूं और मुझे इस पर गर्व है। खेत और खेती से मेरा बचपन से नाता है। जब खेत में काम करता हूं, तो आत्मा को शांति मिलती है। धान बुआई से लेकर रोपा खुदाई, ट्रैक्टर चलाना और रोपा लगाना – ये सब कार्य मैं हर साल खुद करता हूं। यह केवल खेती नहीं, मेरी संस्कृति है, मेरी पहचान है।"

मधु भगत ने सावन मास की शुरुआत पर समस्त किसानों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि सावन का महीना खुशहाली, हरियाली और उम्मीद का प्रतीक है। "मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि इस पावन सावन में अच्छी वर्षा हो, फसलें लहलहाएं और किसान भाई खुशहाल रहें," उन्होंने कहा।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि आज भी खेती देश की रीढ़ है और किसानों की मेहनत को सम्मान देने की जरूरत है। "हम भोजन करते हैं, लेकिन एक किसान की मेहनत के बिना वह संभव नहीं है। खेती करने वाला ही असली देश निर्माता है," उन्होंने कहा।

चरेगांव में विधायक को खेतों में काम करता देख आसपास के गांवों से भी लोग उन्हें देखने पहुंचे और उनके साथ तस्वीरें लीं। ग्रामीणों ने कहा कि मधु भगत शुरू से ही जमीन से जुड़े नेता हैं और जनता के हर सुख-दुख में सहभागी रहते हैं।

इस अवसर पर विधायक ने बालाघाट जिले सहित मध्यप्रदेश और देशभर के किसानों को शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि युवा पीढ़ी भी खेती से जुड़े और इसे सम्मानजनक पेशा माने।

विधायक भगत की यह सादगी और खेत से जुड़ाव न केवल एक सकारात्मक संदेश देता है, बल्कि यह बताता है कि राजनीति में अब भी ऐसे चेहरे मौजूद हैं जो दिखावे से अधिक धरातल की सच्चाई को जीते हैं।

## मिरगपुर अस्पताल में 30 जुलाई को नेत्र शिविर होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।




लगातार आंखो के मरीजो को लाभान्वित करने के सकारात्मक उद्देश्य से अस्पताल प्रबंधन के द्वारा शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में 17 जुलाई गुरुवार को अस्पताल परिसर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन डा. बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में किया गया । निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान शिविर में 42 नेत्र रोगियो ने ओपीडी में पंजीयन कर उपचार कर उचित परामर्श प्राप्त किया। जिसमें से 14 नेत्र मरीजो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हें आपरेशन के लिए रवाना किया गया । बताया गया की निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगियो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया एंव चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया । नेत्र रोगियो को लाभान्वित करने के लिए आगामी 30 जुलाई को मिरगपुर मे निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा ।

## उड़नदस्ता दल की त्वरित कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** उड़नदस्ता वनवृत्त बालाघाट को मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर मुख्य वनसंरक्षक महोदय, वनवृत्त बालाघाट के आदेशानुसार श्रीमान प्रभारी उड़नदस्ता वनवृत्त बालाघाट के मार्गदर्शन में श्री राजेन्द्र कुमार मड़ामे कार्यवाहक उप वन क्षेत्रपाल, श्री राकेश कुमार सनोडिया कार्यवाहक वनपाल, श्री तिलक सिंह राहंगडाले, श्री सौरभ यादव, श्री देवेन्द्र उके वनरक्षक एवं श्री शंभूलाल यादव वाहनचालक द्वारा वन विकास निगम के अंतर्गत तिरोड़ी वृत्त के सीतापठोर बीट के कक्ष से क्रमांक 785A में चांदाडोह के समीप नाले से एक ट्रैक्टर MP50ZD0149 को अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए जप्त कर विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर प्राथमिक वन अपराध प्रतिवेदन क्रमांक 377/10 दिनांक 17/07/2025 पंजीबद्ध कर जाँच कार्यवाही जारी है।

## शास.कन्या हाईस्कूल हिर्री में नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** हिर्री में निकाली जागरूकता रैली के माध्यम से युवाओ में बढ़ती नशे की लत पर लगाम लगाने के लिए बुधवार को किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नशे से दूरी है जरूरी, अभियान का शुभारंभ थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा द्वारा किया गया। नगर के व्यापारियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर रैली निकालते हुए जागरूकता अभियान का संदेश दिया गया। अभियान में थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा , नेहरू बहेरवंश सहित शामिल रहे। शासकीय कन्या उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राओं के द्वारा नगर भ्रमण कर जन-जन ने ठाना है नशा मुक्तसमाज बनाना है, नशे से बचे खुशहाल जीवन जिए, नशा नाश का कारण है जैसे संदेश देकर लोगों को जागरूक किया। किरनापुर के हरिभूमि मीडिया प्रभारी मदन मोहन पाराशर से बातचीत में थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा ने कहा कि जागरूकता अभियान 30 जुलाई तक चलेगा।



## समस्या : सरेखा अंडरपास ब्रिज में पानी का रिसाव



**बालाघाट।** बालाघाट के सरेखा अंडरपास ब्रिज में बारिश के दौरान पानी रिसाव की समस्या सामने आई है। इस समस्या को लेकर कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने सवाल उठाए थे। प्रशासन ने भी गतिशक्ति विभाग को सुधार कार्य के लिए पत्र लिखा था।

गुरुवार शाम 5 बजे गतिशक्ति विभाग के सीपीएम दिलीप सूर्यवंशी और रेलवे के तकनीकी अमले ने ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेडआरयुसी सदस्य मोनिल जैन और डीआरयूसीसी सदस्य सुदीप जैन भी मौजूद थे।

सीपीएम सूर्यवंशी ने बताया कि पानी रिसाव को रोकने का काम चल रहा है। उन्होंने ब्रिज की खराब गुणवत्ता के आरोपों को खारिज किया। उनके अनुसार, सरेखा ओवरब्रिज निर्माण के दौरान आवागमन की सुविधा के लिए जिला प्रशासन के कहने पर अंडरपास ब्रिज शुरू किया गया था।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ से बी.ई.ओं को सौपा ज्ञापन और सीएम हेल्पलाइन व जनसुनवाई में आवेदन करने की अनुमति मांगी

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के लगभग 3 दर्जन नवीन शिक्षक संवर्ग के शिक्षक अध्यक्ष संतोष जामरे के नेतृत्व में बीईओ कार्यालय पहुंचकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा और अपने शिक्षकों की पीडा बतलाया। संघ के अध्यक्ष संतोष ष जामरे उपाध्यक्ष रुपलाल उइके ने बतलाया कि हम लोग विगत 1-2 वर्षों से कार्यालय के चक्कर काट रहे है, किन्तु कभी कोई बहाना बतलाया जाता है तो कभी कोई बहाना, हमें नये प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी से उम्मीद थी कि हमारा क्रमोन्नति व डी.ए. एरियस जो डि २वर्ष से अटका है. निकलेगा किन्तु नहीं निकल रहा है। हमारे ब्लॉड के शंकुलो से बिल देयक बीईओ कार्यालय में जमा किये जा चुके है, 0। माह हो गया लगभग 100-150देयक जमा किये गये किन्तु विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा. 10लोगों के ही बील कोषालय भेजा गया ।इससे हमे संदेह होता है, जो शिक्षक कार्यालय में जाकर मिलते है, उनके एरियस बहुत जल्द आ जाते है, और जो साथी कार्यालय में मही मिलले उनमें एरियस में जमाने भर की विसंगति लगाकर अटका दिया जाता है। उसी प्रकार हमारे साथियो के दो वर्ष पूर्व के डी.ए. एरियस का भूगतान नहीं हुआ है। संघ के कोषाध्यक्ष प्रमोद धामने ने बतलाया कि हमने विगत 02वर्षो में में 50-60 बार कार्यालय जाकर आवेदन निवेदन किया किन्तु कोई हल नहीं निकलता दिख रहा है, हमें तो ऐसा प्रतीत होता है, कि अब जब तक कलेक्टर महोदय उक्त समस्या को संज्ञान में नहीं लेते तब तक हमारे शिक्षकों की समस्या हल नहीं हो सकती।



# रोटरी रॉयल ने किया 78 युनिट रक्तदान, हाइजीन को लेकर कॉलेज में किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने गत दिवस, जिले के अग्रणी महाविद्यालय पीएमश्री जेएसटी पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर एवं महिला हाइजीन अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्तदान कार्यक्रम में रॉयल ग्रुप के सदस्यों ने 78 यूनिट का रक्तदान कर जिला अस्पताल को पीड़ति मानवता के सेवार्थ भेंट किया। साथ ही 53 लोगों की रक्त जांच भी की गई। क्लब ने,रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

क्लब के अध्यक्ष रोटे. संदीप असाटी, सचिव आशीष साहु और कोषाध्यक्ष राजेश गांधी की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित रक्तदान शिविर के चेयरमैन विक्रम भूते ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, रक्तदान एक महादान है और इससे किसी अनजान व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। हमारे क्लब का यह निरंतर प्रयास है कि समाज में रक्त की कमी न रहे और जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो।

को-चेयरमेन अंकित अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान एक मानवीय कर्तव्य है। इसके माध्यम से हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। आज की युवा पीढ़ी में इसको लेकर जागरूकता लाना बहुत जरूरी है, ऐसे कैंप, इस दिशा में एक मजबूत कदम हैं। को-चेयरमैन गौरव कोचर ने कहा, लोगों में अभी भी रक्तदान को लेकर कई भ्रांतियाँ हैं, जिन्हें दूर करना आवश्यक है। रक्तदान से न सिर्फ किसी की जान बचती है बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। क्लब के अन्य को-चेयरमैन सौरभ हरिनखेडे, लखविंदर सिंह भंगल ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

हाइजीन अवेयरनेस कार्यक्रम डॉ. नेहा मेश्राम, मुन्नालाल शर्मा, भुवेश्वरी गेड़ाम, प्रोजेक्ट समन्वयक जगदीश ताम्रकार तथा रोशनी टेंभरे ने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता तथा निजी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें लगभग 80 छात्राओं ने हिस्सा लिया। क्लब की ओर से, सभी छात्राओं को सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर और सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप विशेष रूप से उपस्थित रहे। रक्तदान कार्यक्रम में ब्लड बैंक एवं ब्लड टेस्टिंग टीम सदस्य हेमंत पाटिल, कमिनी पांडे, विनोद भगत, सुरेश वासनिक, विक्की पवार एवं रूपक पवार सहित इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम चावला, कमलजीत सिंह छाबड़ा, बलजीत सिंह छाबड़ा सहित सदस्य रवि सचदेव, मुकुल राठौर, राजेन्द्र सिंह छाबड़ा, नरेन्दर सिंह छाबड़ा, धनेंद्र राहंगडाले, संतोष नाहर, केशव परिहार, राहुल तुरकर, हरजीत पाल सिंह राजपूत, बलविंदर पाल सिंह राजपूत, संजय बेदी, प्रकाश गुरनानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक मराठे, डॉ. पी.एस. कातुलकर, एनएसएस प्रभारी दुर्गेश आगसे, एनसीसी प्रभारी डॉ. गजानंद कटरे, गजेन्द्र भारद्वाज, इक्विटास बैंक का विशेष योगदान रहा। रोटरी क्लब के कई सदस्यों ने भी स्वयं रक्तदान कर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

# उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने किया विद्यार्थियों को छातों का वितरण





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पंचायत बिरसा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंडई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडई में जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा छात्र/छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए बारिश के मौसम में होने वाली परेशानी से निजात दिलाने हेतु छातों का वितरण किया गया।शिक्षा समिति के सभापति हेमंत साहू के द्वारा पहले बच्चों से संवाद किया गया।फिर बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछा गया।इसके बाद बच्चों से भारतीय संविधान के बारे में चर्चा की गई।उपाध्यक्ष के द्वारा बच्चों को मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तृत बताया गया।बच्चों को उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मौलिक अधिकारों की संख्या 6 है।जिसका वर्णन संविधान के भाग 3 के अनुच्छेद 12 से 35 में किया गया है।मौलिक अधिकारों में अनुच्छेद 14 से 18 में समानता का अधिकार,अनुच्छेद 19 से 22 में स्वतंत्रता का अधिकार,अनुच्छेद 23 और 24 शोषण के विरुद्ध अधिकार,अनुच्छेद 25 से 28 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार,अनुच्छेद 29 और 30 संस्कृति और शैक्षणिक संबंधी अधिकार,अनुच्छेद 32 संवैधानिक उपचारों का अधिकार है।हम सभी को अपने मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों के बारे में जानना चाहिए।

उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के बच्चों से वार्षिक परीक्षा परिणाम के क्या लक्ष्य होंगे इस बारे में भी चर्चा की गई।

#### शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए जाने जाते हैं बिरसा जप उपाध्यक्ष हेमंत साहू

जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए जाने जाते हैं। दूरस्थ अंचलों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने में उनका योगदान सराहनीय है।उपाध्यक्ष के द्वारा आए दिन विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया जाता है।गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन पर उनके द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है।उनके इस पद पर आने से बिरसा विकासखंड के वार्षिक परीक्षा परिणाम में काफी सुधार देखने को मिला है।

#### छाता वितरण कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडई में छाता वितरण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा हेमंत साहू,सरपंच ग्राम पंचायत मंडई परमानंद पंद्रे,भूपेंद्र टेंभरे,सचिव ग्राम पंचायत मंडई बंटी योगेश शर्मा,अकबर धुर्वे,हीरासिंह धुर्वे,स्कूल के प्राचार्य राजकुमार उइके,राजेंद्र शिव,सुशील हरिनखेड़े, कुलेश्वरी कृपाल,संगीता भरड़े,संतोष तिवारी,रविशंकर पंचतिलक सहित शाला के समस्त शिक्षकगण,कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र/छात्रा की उपस्थिति रही।

## सर्प-दंश से बचाव एवं उपचार के लिए मछुरदा में लगाया गया जागरूकता शिविर

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में सर्पदंश से होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देश पर जिले के दुरस्थ क्षेत्र में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 जुलाई को होमगॉर्ड कमांडेंट रजनी खटीके के मार्गदर्शन में जिले के दुरस्थ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्राम मछुरदा में जागरूकता शिविर लगाया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत मछुरदा की सरपंच झिलसोबाई तिलगाम सहित बड़ी संख्या में बैगा जनजाति के ग्रामीणजन उपस्थित थे। शिविर में होमगॉर्ड से श्री महेश कुमार उइके एएसआई, एसडीईआरएफ कमलेश मेरावी, राजेश धुर्वे, आशीष खरोले, रवनूसिंह धुर्वे, वाहन चालक चितेश्वर राहंगडाले तथा राजस्व एवं ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी अमले द्वारा ग्रामीणो को सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के उपाय बताये गए।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
• B.Com • M.Com
NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111